# जिला खनिज फाउंडेशन के खर्चों को कराया ऑडिट

**देहरादून।** जिला खनिज फाउंडेशन के माध्यम से जिलों में स्वास्थ्य, पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण समेत अन्य कार्यों के लिए खर्च का ऑडिट कराने पर खान विभाग को पुरस्कार मिला है।

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के निदेशक राजपाल लेघा ने बताया कि दिल्ली में खान मंत्रालय के माध्यम से राष्ट्रीय जिला खनिज फाउंडेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुरस्कार कोयला एवं खान मंत्री ने सौंपा। विभागीय प्रतिनिधि के तौर पर हरिद्वार जिले के खान अधिकारी मो. काजिम ने पुरस्कार प्राप्त किया। ब्यूरो